*प्रेस विज्ञप्ति*

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय की प्रोफेसर ज्योति पलोड़ प्रतिष्ठित सी.एल.एफ.एम.ए. पुरस्कार से सम्मानित

पंतनगर। 23 अगस्त 2025 विश्वविद्यालय के पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय की प्रोफेसर ज्योति पलोड़ को पशुधन क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए 'सी.एल.एफ.एम.ए. पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान हैदराबाद स्थित होटल ताज डेक्कन में दिनांक 22 से 23 अगस्त 2025 तक आयोजित दो–दिवसीय 'सी.एल.एफ.एम.ए. ऑफ इंडिया की 66वीं राष्ट्रीय संगोष्ठी' के उद्घघाटन सत्र में प्रो. एस.पी. सिंह बघेल केन्द्रीय राज्यमंत्री, मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी तथा पंचायती राज मंत्रालय एवं श्री वक्ति श्रीहरि, तेलंगाना राज्य के पशुपालन एवं मत्स्य मंत्री द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर सी.एल.एफ.एम.ए. के अध्यक्ष श्री दिव्य कुमार गुलाटी एवं भारत सरकार तथा तेलंगाना राज्य के पशुपालन सचिव सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे। सी.एल.एफ.एम.ए. द्वारा स्थापित यह पुरस्कार पशुधन एवं कुक्कुट पालन के क्षेत्र में अत्यंत प्रतिष्ठित माना जाता है और इसे पशुधन एवं कुक्कुट पालन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले वैज्ञानिकों को दिया जाता है। सी.एल.एफ.एम.ए. समिति ने इस वर्ष प्रोफेसर डा. ज्योति पलोड़ का चयन उनके द्वारा पशुपालन व कुक्कुट पालन के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट अनुसंधान एवं शैक्षणिक कार्यों को ध्यान में रखते हुए किया है। सी.एल.एफ.एम.ए. संगठन एवं विश्वविद्यालय तथा पशुपालन से जुड़े वैज्ञानिकों एवं विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान, डा. ज्योति पलोड के इस उपलब्धि के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।